# झारखंड में वर्ष 2027 तक गरीबों के लिये आवास

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खूंटी ज़िले के तोरपा में एक कार्यक्रम में घोषणा की कि **राज्य सरकार वर्ष 2027 तक राज्य में गरीबों को 20 लाख आवास उपलब्ध कराएगी।**

## मुख्य बिंदु:

- **ये आवास राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित आवास योजना, 'अबुआ आवास योजना' (AAY) के तहत प्रदान किये गए थे।**
    - राज्य सरकार ने **'अबुआ आवास योजना'** (मेरा घर) शुरू की है और '[आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार](#)' **अभियान** के दौरान योजना के लिये आवेदन मांगे हैं।
    - यह योजना वर्ष 2000 में झारखंड के गठन के बाद **इस तरह की पहली योजना थी।**
- कार्यक्रम के दौरान सीएम ने खूंटी और सिमडेगा के 8,000 से अधिक लाभुकों को आवास योजना **के लिये स्वीकृति पत्र और पहली किस्त भी वितरित की।**

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान

- इस कार्यक्रम के तहत **राज्य की 4,351 पंचायतों और 50 वार्डों में शिविर आयोजित किये जायेंगे।** इन शिविरों में उन **ज़रूरतमंद लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा जो अब तक योजनाओं से वंचित थे।**
- [पंचायत](#) **एवं वार्ड स्तर पर** आयोजित शिविर में **अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना**, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा से संबंधित मामले, **गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना जैसी नयी योजनाओं** का लाभ दिया जायेगा।

## अबुआ आवास योजना (AAY)

- इस योजना के तहत अगले **दो वर्ष में लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से ज़रूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी।**
- **योजना के तहत गरीबों, वंचितों, मज़दूरों, किसानों, आदिवासियों, पिछड़ों और दलितों को 3 कमरे के आवास उपलब्ध करवाएँ जाएंगे।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/houses-for-poor-in-jharkhand-by-2027